प्रैस नोट

दिनांकः- 05.11.2020

डॉ0 विपिन ताडा, पुलिस अधिक्षक, जनपद अमरोहा के निर्देशन मे आज दिनांक- 05.11.2020 को जनपद मे अपराधियो के विरूद्व व अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं जनपद मे शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु की गयी कार्यवाही का विवरणः-

- थाना अमरोहा नगर पुलिस द्वारा नागरिकता संशोधन कानून के विरोद्ध में अमरोहा नगर के कोट चौराहे पर उपद्रव करने के सम्बन्ध में थाना अमरोहा नगर पर पंजीकृत अभियोग के वांछित अभियुक्त अदनान पुत्र स्व0 नाजिम फारुख निवासी मौ0 नियाज राज थाना अमरोहा नगर जनपद अमरोहा को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गयी।
- थाना मंडी धनौरा पुलिस द्वारा टॉप 10 लिस्टेड अभियुक्त राजवीर पुत्र छज्जू सिंह निवासी ग्राम डींगरा थाना मंडी धनौरा जनपद अमरोहा को मय 01 तमंचा व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर के गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मंडी धनौरा पर अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।
- थाना रजबपुर पुलिस द्वारा घर मे घुसकर मारपीट करने, गाली गलौच व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग में अभियुक्त मोईन पुत्र जिलानी निवासी ग्राम हैवतपुर थाना रजबपुर जनपद अमरोहा को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गयी।
- जनपद मे शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जनपद पुलिस द्वारा 12 व्यक्तियों का चालान धारा 151 द0प्र0सं0 में किया गया। जिसमें थाना अमरोहा देहात पुलिस द्वारा 02 व्यक्ति, थाना गजरौला पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना रजबपुर पुलिस द्वारा 03 व्यक्ति, थाना हसनपुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना सैदनगली पुलिस द्वारा 02 व्यक्ति व थाना आदमपुर पुलिस द्वारा 03 व्यक्तियों का धारा 151 द0प्र0सं0 के अन्तर्गत चालान किया गया।